हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026

11 छात्रों को सिखाए कानूनी अधिकार और समाज में न्याय की भूमिका



12 नगरपरिषद और फायर बिग्रेड कर्मचारियों की हड़ताल जारी



# सीबीएसई 12वीं में चमके विद्यार्थी : 99.4% अंक लेकर काव्या कॉमर्स में बनीं प्रदेश टॉपर

## पॉयनियर की तान्या द्वितीय व क्रेसंट स्कूल की नव्या तीसरे स्थान पर रही



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।



फोटो : हरिभूमि



काव्या चौधरी।



तान्या।



नव्या।

■ विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को घोषित किए गए कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान क्रेसंट पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर जिले की शैक्षणिक सूची में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने आर्ट्स और कॉमर्स संकाय में बेहतरीन अंक हासिल कर संस्थान व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इसी तरह बाल वाटिका स्कूल की काव्या चौधरी सुपुत्री गौतम चौधरी ने कॉमर्स संकाय में 99.4 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया है जबकि पॉयनियर स्कूल की तान्या सुपुत्री सुशील कुमार ने भी कॉमर्स मे 98 प्रतिशत अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह क्रेसंट स्कूल की नव्या पुत्री निशांत बंसल ने 500 में से 488 अंक 97.6 प्रतिशत लेकर तीसरे स्थान पर रही। बताया जा रहा है कि काव्या चौधरी ने कॉमर्स में प्रदेश में प्रथम स्थान पाया है। इसके अलावा ऑल इंडिया रैंक में भी काव्या टॉप 5 में है।

### क्रेसंट स्कूल में खुशी की माहौल

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में इस वर्ष विज्ञान संकाय से 49, कला संकाय से 72 एवं वाणिज्य संकाय से 63 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। आर्ट्स संकाय में स्कूल की छात्रा उमा बिश्नोई सुपुत्री सुशील कुमार ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल है। वहीं, सारिका पुत्री अनिल कुमार ने भी अपनी कड़ी मेहनत का परिचय देते हुए 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। कॉमर्स संकाय में भी क्रेसंट पब्लिक स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्रा नव्या पुत्री निशांत बंसल ने 500 में से 488 अंक 97.6 प्रतिशत लेकर संकाय में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी संकाय में खुशी पुत्री विनोद कुमार ने 500 में से 476 अंक 95.2 प्रतिशत हासिल कर दूसरा स्थान कब्जाया। विषयवार उपलब्धियों में संस्कृत में सारिका व उमा, राजनीति विज्ञान में सारिका, संगीत में महक व रजत, अकाउंट्स में नव्या व पलक, बिजनेस स्टडी में हिमांशु एवं पेंटिंग विषय में जीत ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का अद्भुत परिचय दिया।

### पॉयनियर स्कूल में तान्या ने पाए 98% अंक लेकर पेश की मिशाल

फतेहाबाद। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में सेक्टर-11 स्थित पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा तान्या ने कॉमर्स संकाय में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। तान्या पुत्री सुशील कुमार ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। तानिया की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में खुशी की लहर है। तान्या ने म्यूजिक विषय में 100 में से 100 पूर्ण अंक प्राप्त कर अपनी विशिष्ट योग्यता साबित की। इसके अलावा, बिजनेस स्टडीज और अकाउंटेंसी जैसे कठिन विषयों में तानिया ने 99-99 अंक हासिल किए, जबकि इंग्लिश और इकोनॉमिक्स में उन्हें 96-96 अंक प्राप्त हुए। उनके इस संतुलन और बेहतरीन स्कोर की हर तरफ सराहना हो रही है। विद्यार्थी की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक विजय निर्मोही एवं निशांत निर्मोही, प्राचार्या गीतिका महता, उप-प्राचार्या मैत्री निर्मोही एवं तनु भाटिया ने तान्या एवं उनके परिवार को बधाई दी है।

### जैन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**सिरसा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सेठ सागर मल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कॉमर्स संकाय की छात्रा सिमरन ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। युक्ति ने 481 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा नेहा ने 478 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्ट्स संकाय में पायल ने 500 में से 474 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पलक ने 448 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा पूर्वा ने 438 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की कुल 55 छात्राओं में से 23 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त किया, जिनमें से 07 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की।

### जेके मेमोरियल स्कूल में गगनप्रीत प्रथम

**ओढां।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के परिणामों में जेके मेमोरियल पब्लिक स्कूल, ओढ़ा ने एक बार फिर 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखा है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन किया है। प्रिंसिपल हरीश शर्मा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा राजवीर कौर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गगनदीप कौर ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा दिलजीत कौर ने 79.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. पालाराम ढाका एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।

## टोहाना में रेहड़ी चालक की हत्या का खुलासा

# 2 लाख में करवाई थी शादी पैसे वापस मांगने पर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



■ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

टोहाना पुलिस ने 22 अप्रैल से लापता किला मोहल्ला निवासी रेहड़ी चालक राजेश सैनी हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विक्रम, अमन और राजेश के रूप में हुई है। तीनों आरोपी टोहाना शहर के ही रहने वाले हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि शादी करवाने के नाम पर लिए गए 2 लाख रुपए वापस मांगने को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने राजेश की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। डीएसपी जयभगवान ने बताया कि किला मोहल्ला निवासी सुनील कुमार ने 23 अप्रैल को थाना शहर टोहाना में अपने भाई राजेश कुमार की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया था कि राजेश अपनी मोटरसाइकिल और रेहड़ी लेकर बाजार गया था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम गठित की गई।

### ऐसे शुरू हुआ विवाद

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी विक्रम अविवाहित या तलाकशुदा युवकों की शादी दूसरे राज्यों की युवतियों से करवाने का काम करता था। इसके बदले वह मोटी रकम लेता था। उसने राजेश सैनी की शादी उत्तर प्रदेश की किरण नामक महिला से करीब 2 लाख रुपए लेकर करवाई थी। शादी के शुरुआती दिनों के बाद ही राजेश और उसकी पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गए। इसी कारण उसने विक्रम पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वह शादी के लिए लिए गए 2 लाख रुपए वापस करे। पैसे लौटाने को लेकर दोनों के बीच लगातार विवाद बढ़ता गया।

### दोस्ती का भरोसा, फिर मौत का जाल

पुलिस जांच में सामने आया कि इसी रंजिश के चलते विक्रम ने अपने दोस्तों अमन और राजेश के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 22 अप्रैल को तीनों आरोपियों ने योजना के तहत राजेश सैनी को अपने साथ बुलाया। पहले उसे जबरन शराब पिलाई गई। जब वह नशे में हो गया, तब आरोपियों ने मिलकर उसका गला दबा दिया।

## खबर संक्षेप

### सीएम कल विशेष रेलगाड़ी को करेंगे रवाना

**सिरसा।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 15 मई को सिरसा से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए सिरसा से विशेष ट्रेन रवाना होगी। सीएम सैनी इस ट्रेन को सिरसा से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर डीसी व एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### रतिया में कम्बोज संघर्ष समिति का गठन

**रतिया।** सर्व कम्बोज समाज की बैठक कम्बोज धर्मशाला में राजू लाली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई समिति का गठन किया गया, जिसका नाम कम्बोज संघर्ष समिति रखा गया। समिति का उद्देश्य समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाना, जरूरतमंद लोगों की सहायता करना तथा सामाजिक मुद्दों पर कार्य करना रहेगा।

### किसानों को मिलेंगे मूंगफली व अरंडी के बीज

**फतेहाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा की राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन उपयोजना के तहत 2025-26 में जिले के किसानों को प्रमाणित मूंगफली और अरंडी के बीज बांटे जाएंगे। पात्र संस्थाओं से आवेदन मांगे गए हैं।

# हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर ग्रामीणों ने लगाया अनिश्चितकालीन धरना

■ टायर गलाने की फैक्ट्री का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



चोपटा। गांव जोगीवाला के निकट धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर सिरसा जिले के आधा दर्जन गांवों के किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना लगा दिया है। किसानों का आरोप है कि राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की भादरा तहसील के गांव गांधी में टायर गलाने वाली फैक्ट्री स्थापित की जा रही है, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण फैलने की आशंका है। गांव गांधी हरियाणा-राजस्थान सीमा पर स्थित है। गांव जागवाली के निकट धरने पर बैठे किसानों ने बुधवार को बताया कि जब तक फैक्ट्री लगाने की प्रक्रिया बंद नहीं की जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

# बेसहारा गाय से टकराई बाइक, मजदूर की मौत

■ हादसे में पत्नी और बेटा भी घायल हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



मृतक करमजीत सिंह।

फतेहाबाद रोड पर बुधवार तड़के एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास अचानक एक बेसहारा गाय के बाइक के सामने आ जाने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार 55 वर्षीय करमजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक करमजीत सिंह अजीतसर ढाणी के रहने वाले थे और पेशे से मजदूर थे। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 5 बजे उस समय हुआ जब करमजीत सिंह अपनी 45 वर्षीय पत्नी सरबजीत कौर और 22 वर्षीय बेटे अमृत सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रतिया के नए बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। परिवार को पटियाला में एक रिश्तेदारी में आयोजित भोग कार्यक्रम में शामिल होने जाना था। बेटा अमृत सिंह अपने माता-पिता को बस स्टैंड पर छोड़ने के लिए जा रहा था। जैसे ही वे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के समीप पहुंचे, अंधेरे में अचानक एक बेसहारा गाय सड़क के बीचों-बीच आ गई। रफ्तार में होने के कारण बाइक गाय से टकराकर सड़क पर पलट गई। इस भीषण टक्कर में करमजीत सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी और अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में घायल सरबजीत कौर और अमृत सिंह को राहगीरों की मदद से तुरंत स्थानीय नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों घायलों का उपचार जारी है और फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। करमजीत सिंह अपने पीछे एक बेटा और दो बेटियां छोड़ गए हैं, उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## आगजनी के लिए तीन किसानों पर केस दर्ज, किसानों में रोष

**सिरसा।** जिले में इन दिनों हुई गेहूं फसल अवशेष में आगजनी पर कृषि विभाग एवं प्रशासन ने संज्ञान लिया है। विभाग ने तीन किसानों पर आगजनी मामले में एफआईआर करवा दी है। साथ ही किसानों पर 30-30 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। इनमें से एक रानियां और डबवाली में दो किसानों पर दर्ज करवाई है। इसे लेकर विभाग के पास शिकायतें आई थी, जिन पर कार्रवाई की है। इससे किसानों में सरकार के प्रति रोष का माहौल है। बताया जा रहा है कि कृषि विभाग के पास 254 आगजनी की शिकायतें आई थी। जिन पर विभाग की टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान 69 ऐसी जगह मिली, जहां पर खुद या जानबूझकर खेत में गेहूं फसल के बचे अवशेष में आग लगाई हुई मिली और एरिया भी ज्यादा था, जिससे काफी नुकसान होने का डर था। इसके अलावा तीन जगह ऐसी है, जहां पर किसानों द्वारा फसल अवशेष में बेवजह मर्जी से जानबूझकर आग लगाई हुई मिली। इससे आसपास के खेतों में भी नुकसान होने का डर था। इसे लेकर विभाग के खेत पड़ोसियों की शिकायत आई हुई थी। जब विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो वास्तविक स्थिति गंभीर मिली। टीम ने पहले आग बुझाई और बाद में इन किसानों पर 30-30 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया। इसके बाद विभाग ने इन किसानों पर संबंधित थाने में शिकायत दी। खास बात है कि विभाग के आगजनी की शिकायत आई हुई थी। करीब 182 जगहों पर आगजनी का कोई सुराग ही नहीं लगा। विभागीय टीम के पहुंचने से पहले किसी ने आग को समय पर पहले ही बुझा दिया तो गेहूं फसल अवशेष के बजाय सामान्य आगजनी मिली।

# नायब तहसीलदार के तबादले की मांग को लेकर किसानों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। तहसील कार्यालय में धरना देते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

रतिया में कार्यरत नायब तहसीलदार विचित्र नंद की कार्यप्रणाली और कथित भ्रष्टाचार के विरोध में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ ने तहसील कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल की अध्यक्षता में जुटे किसानों ने जिला प्रशासन पर वादाखिलाफी का गंभीर आरोप लगाया और स्पष्ट किया कि जब तक अधिकारी का तबादला नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल ने बताया कि नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली को लेकर यूनियन ने मार्च महीने में भी कड़ा विरोध दर्ज कराया था।



## निकाय चुनावों में मिली जीत पर फतेहाबाद में मनाया जश्न

**फतेहाबाद।** हरियाणा के निकाय चुनावों में भाजपा को मिली जीत के बाद फतेहाबाद में जश्न का माहौल है। सोनीपत, पंचकूला और अंबाला नगर निगम सहित सांपला व धारूहेड़ा में पार्टी की जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आज जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में विजय उत्सव मनाया। जिला कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितकारी नीतियों व विकास कार्यों पर जनता की अटूट मुहर है। प्रदेश की जनता ने पारदर्शी कार्यशैली और सुशासन को चुना है। नेताओं ने अंबाला में मेयर पद पर अक्षिता सैनी और सोनीपत में राजीव जैन की जीत को पार्टी की मजबूती का प्रमाण बताया। जोड़ा ने आगे कहा कि यह सफलता बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम है। भाजपा भविष्य में भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास की गति को और तेज करेगी।

# महिला ने निगला जहर, जेठ जेठानी पर प्रताड़ना का आरोप

## उपचार के दौरान मौत, केस दर्ज

**फतेहाबाद/रतिया।** रतिया उपमंडल के गांव ढाणी बबनपुर में पारिवारिक विवाद के बीच एक 40 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगलने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर महिला के जेठ और जेठानी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं शव के अंतिम संस्कार को लेकर मायका पक्ष और ससुराल पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके चलते देर शाम तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार गांव बरे, जिला मानसा निवासी अवतार सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी बहन तरनजीत कौर की शादी करीब 18 वर्ष पहले ढाणी बबनपुर निवासी मलकीत सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पारिवारिक कलह बनी रहती थी और कई बार पंचायत स्तर पर समझौते के प्रयास भी किए गए, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि तरनजीत कौर को उसके जेठ कुलदीप सिंह और जेठानी परविंदर कौर द्वारा लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने 11 मई को जहरीला पदार्थ निगल लिया। घटना की जानकारी उसके पति मलकीत सिंह ने फोन कर मायके पक्ष को दी, जिसके बाद महिला को उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बुधवार दोपहर बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।परिजनों का कहना है कि अस्पताल में उपचार के दौरान महिला ने पुलिस के समक्ष दिए बयान में भी अपने जेठ और जेठानी पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे।

## 10 साल बाद बना दुर्लभ संयोग, शनि दोष निवारण के लिए विशेष दिन

# 16 मई को मनाई जाएगी शनि जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सूर्यपुत्र और न्याय के देवता माने जाने वाले शनिदेव की जयंती इस वर्ष 16 मई को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाएगी। इस बार शनि जयंती का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि करीब 10 वर्षों बाद यह पर्व शनिवार के दिन पड़ रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह संयोग अत्यंत दुर्लभ और विशेष फलदायी माना जाता है।

फतेहाबाद के प्रमुख ज्योतिषाचार्य राजेश शर्मा का कहना है कि इस दिन शोभन योग और सौभाग्य योग का विशेष संयोग बन रहा है। यह योग शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या से प्रभावित लोगों के लिए खास माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से पूजा करने पर शनिदेव प्रसन्न होते हैं और जीवन की बाधाओं में कमी आती है।

### ज्योतिषीय दृष्टि से शुभ अवसर

पंडित राजेश शर्मा के अनुसार पिछले वर्षों में शनि जयंती शनिवार के दिन वर्ष 2006, 2013 और 2016 में मनाई गई थी। इसके बाद अब 2026 में 16 मई को यह संयोग फिर बना है। इसे ज्योतिषीय दृष्टि से शुभ अवसर माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज्योतिष गणना के अनुसार अमावस्या तिथि 16 मई को सुबह 5:11 बजे प्रारंभ होगी और 17 मई को दोपहर 1:30 बजे तक रहेगी। इसी अवधि में शनि जयंती का पूजन विशेष फलदायी माना गया है। इस बार वट अमावस्या का संयोग भी साथ रहने से दिन का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिदेव को कर्मफलदाता कहा गया है, जो व्यक्ति को उसके कर्मों के आधार पर फल प्रदान करते हैं। ऐसे में शनि जयंती पर तिल, तेल, काले वस्त्र और दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। जिले के विभिन्न शनि मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू हो गई हैं और श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### विशेष पूजन से कष्टों से राहत की मान्यता



पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि शनि जयंती पर शनि साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा से प्रभावित जातकों के लिए विशेष पूजन का महत्व बताया गया है। इस दिन 'ओम शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का जाप कर तिल और तेल से शनिदेव का अभिषेक करना शुभ माना जाता है। काली उड़द, नीले फूल, इमरती का भोग तथा छाता, वस्त्र व भोजन दान करने की परंपरा है। वट अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी।

### श्रद्धा व उल्लास से मनाई जाएगी जयंती

**रतिया।** श्री राधा कृष्ण सेवा आश्रम, अरोड़ा कॉलोनी रतिया की प्रबंधक कमेटी की बैठक आश्रम संचालक स्वामी श्याम सुंदर दास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 मई शनिवार को ज्येष्ठ मास की अमावस्या के अवसर पर शनि जयंती आश्रम प्रांगण में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर आश्रम परिसर में स्थित शनि महाराज की प्रतिमा पर 24 घंटे तक तेल चढ़ाया जाएगा तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।

### राशि अनुसार ये करें उपाय

**मेष** : हनुमान जी की पूजा करें, मसूर दाल का दान करें।
**वृषभ** : सफेद मिठाई, इत्र अर्पित करें, वस्त्र दान शुभ रहेगा।
**मिथुन** : ओम शं शनैश्चराय नमः मंत्र जाप करें, हरी मूंग दान करें।
**कर्क** : पीपल पर जल चढ़ाएं, दूध और चावल का दान करें।
**सिंह** : गुड़ और गेहूं का दान करें, तांबे के पात्र से जल अर्पित करें।
**कन्या** : शनि चालीसा का पाठ करें, हरी सब्जी या मूंग दाल का दान करें।
**तुला** : कन्याओं को मिठाई खिलाएं, सफेद फूल व इत्र अर्पित करें।
**वृश्चिक** : हनुमान मंदिर में दीपक जलाएं, लाल मसूर का दान करें।
**धनु** : गुरु मंत्र का जाप करें, पीली दाल और हल्दी का दान करें।
**मकर** : शनि मंत्र जाप करें, सरसों का तेल और काली उड़द अर्पित करें।
**कुंभ** : पीपल पूजा करें, तिल का दीपक जलाएं, काला वस्त्र दान करें।
**मीन** : भगवान विष्णु की पूजा करें, चने की दाल दान

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला पर हमला, आरोपी काबू

**सिरसा।** डबवाली क्षेत्र में बुजुर्ग महिला पर घर में घुसकर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आरोपी युवक को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घायल महिला की पहचान प्रकाश देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि यह घटना शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित रामनगर कॉलोनी में हुई। प्रकाश देवी अपने घर में अकेली थी। उसी वक्त एक युवक उनके घर का गेट खोलकर अंदर घुस आया और अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि युवक ने महिला को नीचे गिराकर पटक लिया और फिर छाती व बाजू पर चाकू से वार कर वारदात को अंजाम दिया।

### पुलिस ने पांच हेरोइन तस्कर किए गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने जिले क्षेत्र से पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 24 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी सुभाष, बलजिंद्र, प्रीतपाल, राजिंद्र सिंह व नरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस गश्त व चेकिंग के दौरान गांव बूढ़ीमेडी ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से बाइक सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए जो कि सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मोडक़र भगाने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर दोनों युवकों को काबू कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से आठ मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### अध्यापकों अपनी ड्यूटी के प्रति कर्मठ : मुकेश

**सिरसा।** हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश सैनी ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से बोर्ड का परिणाम लगातार बेहतर होता जा रहा है, जो शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्त अध्यापक काफी मेहनती और अपनी ड्यूटी के प्रति कर्मठ हैं। युवा शिक्षक पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं, जिसकी बदौलत आज 12वीं कक्षा के परिणाम में बड़ा सुधार देखने को मिल रहा है।

### ट्यूबवेल से केबल चोरी करने वाला आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसानों के ट्यूबवेलों से केबल और कृषि उपकरण चोरी करने के मामले में सदर थाना टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजबीर सिंह निवासी गांव आंकावाली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जनवरी में गांव अमानी, मादुवाला और भोडियाखेड़ा के 11 किसानों ने सामूहिक रूप से चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। चोरों ने 15 जनवरी की रात को इन किसानों के ट्यूबवेलों से करीब 430 फुट केबल, कस्सी, चाबी-पाने जैसे उपकरण चोरी किए थे।

## राजकीय विद्यालय बीघड़ में जागरूकता शिविर

# छात्रों को सिखाए कानूनी अधिकार और समाज में न्याय की भूमिका

- छात्रों ने भी अपने सवाल पूछे और संतोषजनक उत्तर पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** कानूनी जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए सीजेएम सुयशा जावा। *फोटो : हरिभूमि*

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीघड़ में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दीपक अग्रवाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव सुयशा जावा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमें विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुयशा जावा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, विधिक जागरूकता, बाल अधिकार, बाल श्रम, दहेज प्रथा, बाल विवाह, साइबर क्राइम तथा न्याय एवं समानता सुनिश्चित करने में समाज की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नेहा रानी असिस्टेंट एलएडीसी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और पहलों के बारे में भी अवगत कराया गया। विशेष रूप से उन योजनाओं पर प्रकाश डाला गया जिनका उद्देश्य समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंत में एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे और उनके संतोषजनक उत्तर दिए गए। इस सत्र को विद्यार्थियों द्वारा काफी सराहना की गई जिसमें उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को निशुल्क कानून सहायता की आवश्यकता हो तो वह टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर सकता है। कैंप के दौरान प्राचार्य आशा रानी, पूनम रानी पीजीटी गणित, निशा रानी पीजीटी पंजाबी, रिंपल पीजीटी हिंदी, निहाल सिंह पीजीटी अर्थशास्त्र व अन्य विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## डीएवी स्कूल नागपुर के विद्यार्थियों को दी दांतों की सुरक्षा की जानकारी



**रतिया।** डीएवी स्कूल, नागपुर में विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और शारीरिक जागरूकता के उद्देश्य से दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में के.डी. अस्पताल, फतेहाबाद के सुप्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलदीप ने अपनी विशेष सेवाएं प्रदान की। शिविर के दौरान डॉ. कमलदीप ने विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों के दांतों की बारीकी से जांच की। जांच के उपरांत उन्होंने बच्चों को ओरल हाइजीन यानी मुख की स्वच्छता बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण और आवश्यक टिप्स दिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. कमलदीप ने कहा कि दांत हमारे शरीर का अनमोल हिस्सा हैं और इनकी देखभाल बचपन से ही शुरू होनी चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज के समय में खान-पान की गलत आदतों और मीठे पदार्थों के अत्यधिक सेवन से बच्चों के दांतों में कैविटी की समस्या बढ़ रही है। दिन में दो बार ब्रश करना और भोजन के बाद कुल्ला करना एक स्वस्थ जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता, प्रिंसीपल रंजू मेहता, वाइस प्रिंसीपल कविता डुडेजा और कोर्डिनेटर नेहा आहूजा ने डॉ. कमलदीप को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। चिकित्सा शिविर से पूर्व विद्यालय परिसर में मदर्स डे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें कविता पाठ, नृत्य और भावुक लघु नाटिकाओं ने सभी का मन मोह लिया। प्रिंसीपल रंजू मेहता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें न केवल एक दिन बल्कि जीवन के हर क्षण अपनी माता के त्याग और प्रेम का सम्मान करना चाहिए।



**भूना।** गोरखपुर में स्कॉलरशिर परीक्षा में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## गोरखपुर की बेटियों ने स्कॉलरशिप परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे

### विद्यालय ने निकाली गौरव रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

गांव गोरखपुर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे फतेहाबाद जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की 11 छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्राओं की इस बड़ी सफलता का जश्न मनाने और ग्रामीणों को सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा एक विशेष रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रहलाद मावलिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में विद्यालय स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। रैली के दौरान गांव में जगह-जगह पर विजेता छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें नकद पुरस्कार प्रदान किए। कई स्थानों पर महिलाओं द्वारा छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे छात्राओं में नया आत्मविश्वास देखने को मिला। इसी अवसर का लाभ उठाते हुए विद्यालय के शिक्षकों ने गांव-गांव जाकर नामांकन अभियान भी चलाया। प्राचार्य प्रहलाद मावलिया ने इस शानदार परीक्षा परिणाम का श्रेय स्टाफ सदस्यों की कड़ी मेहनत, छात्राओं के निरंतर परिश्रम और अभिभावकों के सक्रिय सहयोग को दिया।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य प्रदीप बंसल, दिनेश यादव, सत्यनारायण, पवन, सुरेश, बसंत, रमेश शास्त्री, प्रमोद, पवन शर्मा, विकास, अनिल, सुनीता, प्रविता, रीना, ममता, अनीता, प्रियंका, कुलदीप, बिजेंद्र, कृष्ण और रोहताश सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## सरकार की दमनकारी नीतियों पर रिटायर्ड कर्मचारियों ने जताया रोष

**फतेहाबाद।** ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन, जिला फतेहाबाद द्वारा जिला प्रधान मुंशीराम कंबोज की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय पर विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। सभा का संचालन जिला सचिव सुभाष चौहान व आत्माराम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। धरने को मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ नेता निहाल सिंह मताना व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़ ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्ता पर आसीन सरकार की पेंशनरों के विरुद्ध दमनकारी नीतियों की घोषणाओं ने पेंशनर समाज को सडक़ों पर आने को मजबूर कर दिया है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वर्तमान कर्मचारियों के शोषण के कारण रिटायरमेंट की राह देख रहे कर्मियों में भी भारी रोष है। राज्य प्रधान वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि 13 अप्रैल 2024 को वर्तमान मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ वार्ता में शीघ्र ही विधिवत मीटिंग बुलाने का विश्वास दिलाया था, लेकिन मांगों के लागू न होने के विरोध स्वरूप आज पूरे प्रदेश में रोष सभाएं की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज जिला उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन कर डीसी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## बीजेपी जिलाध्यक्ष ने बरसीन में 60 लाख के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बरसीन में विकास कार्यों का शुभारंभ करते बीजेपी जिलाध्यक्ष।

15वें केंद्रीय वित्त आयोग की ग्रांट के अंतर्गत जिला परिषद फतेहाबाद के माध्यम से बरसीन गांव में लगभग 60 लाख रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों का उद्घाटन बीजेपी जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि एडवोकेट सुभाष खीचड़ ने की। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि वर्तमान सरकार गांव मजबूत-देश मजबूत के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों की गलियों, चौपालों और बुनियादी ढांचे तक मजबूती से पहुंच रहा है। बरसीन में शुरू किए गए इन कार्यों में मुख्य रूप से गांव के जोहड़ का कायाकल्प और नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य शामिल है। जोहड़ से जुड़े कार्य जहां जल संरक्षण में मददगार साबित होंगे, वहीं नई सीवरेज लाइन से ग्रामीणों को गंदे पानी की निकासी और जलभराव की पुरानी समस्या से स्थाई निजात मिलेगी। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि सरकार की मंशा गांवों में भी शहरों जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की है। स्वच्छता और बेहतर ड्रेनेज सिस्टम न केवल आज की जरूरत है, बल्कि यह आने वाली पीढिय़ों के स्वास्थ्य के लिए भी एक निवेश है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडवोकेट सुभाष खीचड़ ने कहा कि जिला परिषद के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य पूरे करवाए जा रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### निकाय चुनाव में सीएम सैनी की लोकप्रियता पर जनता ने लगाई मुहर : चेयरमैन वेद फुलां



**फतेहाबाद।** हरियाणा के निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार जीत पर हरियाणा सरकार में चेयरमैन वेद फुलां ने खुशी जताते हुए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निकाय चुनावों के परिणाम यह स्पष्ट करते हैं कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों से पूरी तरह संतुष्ट है। निकाय चुनाव में जनता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लोकप्रियता पर विश्वास की मुहर लगाने का काम किया है।
चेयरमैन वेद फुलां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार बिना भेदभाव के प्रदेश के हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। जनता ने भाजपा की पारदर्शी कार्यशैली, ईमानदार नेतृत्व और विकासवादी सोच पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने शहरों के विकास, स्वच्छता, सडक़, पेयजल, सीवरेज और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए हैं। निकाय चुनावों में मिली जीत जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

### क्रेसंट स्कूल में प्रोफेशनल कोचिंग की शानदार शुरुआत, अब सपनों को मिलेगी उड़ान

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक नई एवं सराहनीय पहल की है। सत्र 2026 से विद्यालय में सीए, सीएस, सीएमए फाउंडेशन तथा एसीसीए नॉलेज लेवल जो कि इंग्लैंड का सी-लेवल जाना जाता है, की विशेष कोचिंग कक्षाएं प्रारंभ की जा रही हैं। इन कक्षाओं का संचालन अनुभवी शिक्षक सचिन तनेजा द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने सीए, सीएस, सीएमए, एसीसीए की परीक्षाएं उत्कृष्ट परिणामों के साथ उत्तीर्ण की हैं। उनका अनुभव एवं मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। क्रेसंट स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आधुनिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस नवीन पहल के माध्यम से विद्यालय ने विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय कोचिंग की सुविधा एक ही परिसर में उपलब्ध कराकर उनके समय एवं संसाधनों की बचत सुनिश्चित की है। प्रधानाचार्या रितु सिंधु एवं विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे इस अवसर का समुचित लाभ उठाते हुए अपने शैक्षिक एवं व्यावसायिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु इसे एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में ग्रहण करें।

### अपारदर्शी भर्ती प्रक्रिया बेहद चिंताजनक: कुमारी सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी, पेपर लीक, लंबे समय तक भर्तियों का लंबित रहना और चयन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल युवाओं में भारी निराशा पैदा कर रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भर्ती प्रक्रिया में कौन-से मापदंड अपनाए जा रहे हैं, पद खाली क्यों छोड़े जा रहे हैं और योग्य युवाओं को अवसर क्यों नहीं मिल रहा। सरकार की जिम्मेदारी केवल भर्ती निकालना नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास और भविष्य की रक्षा करना भी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा का युवा आज बेरोजगारी, पेपर लीक और अपारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं से परेशान है। वर्षों तक कठिन मेहनत और तैयारी करने वाले युवाओं का मनोबल लगातार टूट रहा है। भाजपा सरकार को युवाओं की भावनाओं और उनके आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ बंद करना चाहिए। सांसद ने मांग की कि पूरी भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी समीक्षा कराई जाए।

## एसडीएम ने उपमंडलिय स्तर पर ली बैठक

# एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान को और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- आयरन गोलियों और स्वास्थ्य जांच की समय पर उपलब्धता करें सुनिश्चित

एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के तहत उपमंडल में रिपोर्टिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा फील्ड स्तर पर नियमित सुपरविजन सुनिश्चित किया जाए। आयरन की गोलियां निर्धारित लाभार्थियों तक समय पर पहुंचनी चाहिए। इसके साथ ही निजी स्कूलों को भी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किए जाए। यह निर्देश एसडीएम राजेश कुमार ने बुधवार को एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से आयोजित उपमंडल स्तरीय बैठक में दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अभियान की प्रगति, रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीएम राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गूगल फॉर्म के माध्यम से अभियान की मॉनिटरिंग की जाएगी तथा स्कूलों और लेफ्ट आउट विद्यार्थियों पर विशेष फोकस रखा जाए।

उन्होंने कहा कि एनीमिया की रोकथाम के लिए बच्चों, किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएं तथा एनीमिया से प्रभावित बच्चों को समय पर आयरन की गोलियां, पौष्टिक आहार और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। संबंधित विभागों को आयरन गोलियों के वितरण और नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम ने कहा कि विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार निर्धारित मात्रा में आयरन की गोलियां उपलब्ध कराई जाएं।



### नाइट डोमिनेशन : 87 वाहनों की जांच, 14 के काटे चालान

**सिरसा।** जिला सिरसा पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला के ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजस्थान बॉर्डर स्थित धोलपालिया नाके पर चलाया गया, जहां जिला में प्रवेश करने वाले संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कुल 87 वाहनों की जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 14 वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि रात्रि के समय आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा अपराधियों में कानून का भय पैदा करने के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा पुलिस अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है तथा असामाजिक तत्वों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है।

# नर्सिंग दिवस पर बेहतर सेवाएं देने के लिए कमलेश सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




**सिरसा।** बेहतर नर्सिंग सेवाओं के लिए कमलेश को सम्मानित करते हुए।

भारत विकास परिषद् शाखा, सिरसा ने अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर परिषद परिवार की सदस्या कमलेश सिंगला को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया। भाविप की संयोजक महिला सहभागिता सुमन गौतम ने कहा कि कमलेश सिंगला ने 36 साल सरकारी सेवा में समर्पित किए हैं। सेवानिवृति के पश्चात गत 6 वर्ष से भाविप के सदस्य के रूप में स्वास्थ्य जांच शिविरों में बढ़ चढक़र अपनी सेवाएं कर दे रही हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सेवाएं केवल नौकरी नहीं, समाज के दुखी पीड़ित जनों का कष्ट हरने में अपने अपने जीवन का समर्पण है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज गुप्ता, पुष्पा सिंगला, संगीता जिंदल, शकुंतला पचार, सुनीता, कुसुम, पुष्पा सचदेवा, बिमला, रेखा लाटा एवं सरोज बाला भी मौजूद थे।

## राजेंद्र इंस्टिट्यूट में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर शपथ ग्रहण

# फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जीवनी पर आधारित प्रस्तुति ने किया प्रेरित

- विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया
- फ्रेशर पार्टी में जज की भूमिका कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संजीव कालरा एवं डॉ. कुलवंत ने निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

राजेंद्र इंस्टिट्यूट में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर जीएनएम, एएनएम एवं बीएससी नर्सिंग के नए बैच का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग के विद्यार्थियों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जीवनी पर आधारित एक सुंदर प्रस्तुति दी, जिसने सभी को प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवाभाव और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राजेंद्र इंस्टिट्यूट की अनुशासनात्मक संस्कृति पर भी जोर दिया। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात नर्सिंग विभाग द्वारा फ्रेशर पार्टी 'उड़ान-2026' का आयोजन किया गया, जिसमें जीएनएम, एएनएम एवं बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। फ्रेशर पार्टी में जज की भूमिका कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संजीव कालरा एवं डॉ. कुलवंत ने निभाई। जीएनएम में मिस फ्रेशर रवनीत एवं मिस पर्सनैलिटी पायल रहीं। एएनएम में मिस फ्रेशर खुशप्रीत एवं मिस पर्सनैलिटी दीक्षा रहीं। वहीं बीएससी नर्सिंग में मिस्टर फ्रेशर राजीव एवं मिस पर्सनैलिटी सरबजीत रहे।

## खबर संक्षेप

### चेक बांउस मामले में वांछित दबोचा, केस दर्ज

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को गांव धिंगतानिया क्षेत्र से काबू कर लिया है। पीओ स्टाफ प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी वीरू को बीती 02 मई 2025 को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच पी.ओ. स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी। पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरू गांव धिंगतानिया जिला सिरसा को गांव धिंगतानिया से काबू कर लिया।

### भूतपूर्व सैनिकों के दिव्यांग बच्चे पाएंगे अतिरिक्त पेंशन

**सिरसा।** सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के 100 प्रतिशत दिव्यांग बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से अतिरिक्त पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र बच्चों को हर महीने तीन हजार रुपये तक अतिरिक्त पेंशन दी जाएगी, जिससे उनके पालन-पोषण में और सहायता मिल सकेगी। योजना के तहत भूतपूर्व सैनिकों के अधिकतम दो बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। लाभ उन्हीं बच्चों को दिया जाएगा जिनकी आयु 20 वर्ष तक हो, वे अविवाहित हों तथा बेरोजगार हों। जिला सैनिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजर महेंद्र सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को कई आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए फ्री चैकअप कैम्प 15 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल के सहयोग से मई माह का निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प 15 मई शुक्रवार को बाल भवन फतेहाबाद के हॉल में प्रातः 9 बजे से प्रधान ईश्वर देवी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि इस चैकअप कैम्प में सेवानिवृत डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क जांच करेगी व दवाईयां भी वितरित की जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे कैम्प में अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आए। उन्होंने बताया कि इस कैम्प में जिले से कोई भी 60 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक व महिला अपना चैकअप करवा सकती है।

### परिवार से बिछड़ी महिला को परिजनों से मिलवाया

**डबवाली।** पुलिस ने दो वर्ष पहले अपने परिजनों से बिछड़ी एक मानसिक रूप से अक्षम महिला को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व उक्त महिला गंगानगर क्षेत्र में लावारिस हालत में मिली थी। महिला की स्थिति को देखते हुए तत्परता दिखाते हुए महिला को पहले गंगानगर आश्रम में रखा गया। जो करीब दो माह पूर्व शक्ति अनाथ आश्रम, सकता खेड़ा में लाया, जहां उसकी देखभाल सुनिश्चित की गई। जहां महिला थाना प्रभारी द्वारा नियमित रूप से की जा रही काउंसलिंग में महिला से पूछताछ कर उसके परिजनों की तलाश के लिए निरंतर प्रयास शुरू किए गए।

### शनिचरी अमावस्या पर श्री शनि जयंती महोत्सव 16 को

**ओढां।** इच्छापूर्ण शनिदेव सेवा समिति द्वारा ज्येष्ठ मास की शनिचरी अमावस्या पर तेलधारा व विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शनि मंदिर के मुख्य सेवक रमेश गर्ग ने बताया कि आगामी 14 मई को सुबह से तेलधारा शुरू की जाएगी जो 72 घंटे तक चलेगी और उसके बाद बाबा जी का कीर्तन भजन गायिका राधा सोनी एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा। पुजारी पंडित दीपक कुमार के अनुसार आगामी 16 मई को सुबह महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद विशाल भंडारा चलेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस उत्सव में पहुंचने का आग्रह किया।

---

### फतेहाबाद में 36 दिन से फायर ब्रिगेड व 13 दिन से नप कर्मचारी हड़ताल पर

# सरकार की हठधर्मिता से लंबा चला आंदोलन, प्रदेश गंदगी से लबालब: राणा

- शहीद कर्मचारियों को न्याय मिलने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद में बुधवार को भी नगरपरिषद व दमकल कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। आज हड़ताल की अध्यक्षता आज इकाई प्रधान नरेश राणा ने की और मंच का संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट द्वारा किया गया। यूनिट प्रधान नरेश राणा और सचिव ओम लोट ने बताया कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पिछले 36 दिनों से और नगर पालिका के कर्मचारी पिछले 13 दिनों से अपनी मांगों को लेकर सडक़ों पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर इस आंदोलन को लंबा खींच रही है, जिसके कारण पूरा प्रदेश गंदगी से लबालब हो चुका है और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी नेताओं विजय ढाका और वीरू रत्ती ने स्पष्ट किया कि जब तक 16 फरवरी को फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए फायर कर्मियों के परिवारों को न्याय नहीं मिल जाता और उनकी अन्य मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। आज के प्रदर्शन को विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का भी भरपूर समर्थन मिला। हड़ताल स्थल पर पहुंचकर पार्षद मोहन लाल नारंग, विनोद कक्कड़, सीटू नेता बेगराज, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से सुरेश चौहान और सेवानिवृत पुलिस कर्मी संघ से रणधीर डबास ने अपना समर्थन व्यक्त किया। इनके साथ ही नौजवान सभा से संदीप कुमार, पूर्व कर्मचारी नेता ओम प्रकाश चड्ढा, पार्षद चंद्रभान वधवा, पार्षद सुखदेव सिंह, पार्षद बेअंत सिंह और पार्षद राजू टुडे वाला ने भी कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए सरकार से तुरंत समाधान की अपील की।



फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में रोष प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### टोहाना में सफाई और दमकल कर्मियों ने किया विरोध, मुख्यमंत्री व मंत्री गोयल का पुतला फूंका

**फतेहाबाद/टोहाना।** जिलेभर में 13वें दिन भी शहरों में साफ-सफाई व डोर टू डोर कचरा उठाने का काम ठप्प रहा। निकाय कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहरों में दुर्गंध फैली हुई है और लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। अब तो रेहड़ी, जूस, फास्ट फूड व नाश्ते की रेहडियों पर ग्राहक आने बंद हो गए हैं और 70 फीसदी रेहड़ी चालकों ने रेहड़ी लगानी बंद कर दी है। टोहाना में सफाई और दमकल कर्मचारियों ने बुधवार को लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सीएम नायब सैनी और शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल के पुतले की शहर में शव यात्रा निकाली। वाल्मीकि चौक पर जोरदार नारेबाजी के बाद पुतला दहन किया गया। इस प्रदर्शन में महिला कर्मचारियों ने भी बढ़चढ़ भाग लिया। कर्मचारी नेता सुरेश और रविंद्र ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का करना और समान काम-समान वेतन का सिद्धांत लागू करना शामिल है। उन्होंने फरीदाबाद में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कर्मचारियों को शहीद का दर्जा, उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने पुलिस के शहीद कर्मियों की मांगें तो मान लीं, लेकिन फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को कच्चा बताकर अनदेखा किया जा रहा है। कर्मचारियों ने सरकार पर पूंजीपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाया। इस प्रदर्शन को संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य कर्मचारी संघों का भी समर्थन मिला। किसान नेता भी सफाई कर्मियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए खड़े रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### सफाई कर्मियों के समर्थन में उतरी इनेलो व जेजेपी

**सिरसा।** सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को इनेलो ने समर्थन दिया है। बुधवार को पार्टी मांगों के समर्थन में धरने पर बैठे सफाई कर्मियों को धरनास्थल पर पार्टी का समर्थन दिया। इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि पार्टी पूरी तरह से सफाई कर्मियों की जायज मांगों के समर्थन में है और इनकी मांगों के प्रति भाजपा का उदासीन रवैया निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को सफाई कर्मियों की जायज मांगें माननी चाहिए ताकि जनहित में पिछले कई दिनों से पूरे प्रदेश में चली आ रही सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो सके और लोगों को गंदगी से मुक्ति मिल सके। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि इनेलो सफाई कर्मियों की मांगों के समर्थन में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सडक पर भी संघर्ष करने को तैयार है। सफाई कर्मियों ने भी इनेलो द्वारा उन्हें समर्थन दिए जाने पर पूरी पार्टी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर युवा इनेलो के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह कोटली, गुरविंद्र सिंह गिल, सुरेश दड़बा, प्रदीप मेहता एडवोकेट, पार्टी प्रवक्ता महावीर शर्मा, मुख्तयार सिंह, बलदीप बागड़ी, सत्यनारायण कुलड़िया, ओम ग्रोवर, कृष्ण गोदारा आदि पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। उधर, जननायक जनता पार्टी पदाधिकारी बुधवार को नगरपरिषद परिसर में धरनारत सफाई कर्मियों समर्थन देने पहुंचे। पार्टी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा, सुरेंद्र बेनीवाल, शहरी प्रधान दीपक भाटिया, अनिल कासनियां, लक्की चौधरी, शगनजीत सिंह गिल, कुलदीप जांगू, सुधीर, कादिर खान, अकबर खान, काला सिंह आदि पार्टी पदाधिकारियों ने धरनारत सफाई कर्मियों की मांगों को पूरी तरह से जायज बताते हुए कहा कि सरकार अपने अभिमान में आकर कर्मियों की जायज मांगों को नहीं मान रही जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार को ठेकेदारी प्रथा पूरी तरह से समाप्त कर सफाई कर्मियों को 15 हजार न्यूनतम वेतनमान देना चाहिए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक हो सके



सिरसा। इनेलो जिलाध्यक्ष सफाई कर्मियों का समर्थन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### समर्थन में उतरा अध्यापक संघ

## मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ हुंकार भरेंगे शिक्षक

- 14 मई को खंड स्तरीय प्रदर्शन में शामिल होने का किया ऐलान

**फतेहाबाद।** हरियाणा में अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे अग्निशमन विभाग और नगरपरिषद कर्मचारियों को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने समर्थन दिया है। संघ द्वारा 14 मई को होने वाले खंड स्तरीय प्रदर्शन में शामिल होने का ऐलान किया है। संघ के नेताओं ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार ने जल्द ही कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं माना, तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में जन-आंदोलन का रूप ले लेगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, जिला सचिव देसराज माचरा और वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. नीतू डुडेजा ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश भर के 103 फायर स्टेशनों पर कर्मचारी 8 अप्रैल से लगातार हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल का मुख्य कारण मानेसर की स्टील कंपनी में हुए अग्निकांड के दौरान शहीद हुए दो जांबाज साथियों, भवीचंद शर्मा और रणबीर सिंह के प्रति सरकार की बेरुखी है। कर्मचारी मांग कर रहे हैं कि शहीद परिवारों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी दी जाए। अध्यापक संघ के नेताओं ने सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि दमकल विभाग में पे-रोल पर काम कर रहे कर्मचारियों के वेतन में पिछले 6 साल से एक पैसे की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की तर्ज पर दमकल कर्मियों को भी जोखिम भत्ता मिलना चाहिए, क्योंकि वे हर पल अपनी जान हथेली पर रखकर काम करते हैं।

### अब ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया हड़ताल का ऐलान, 15-16 मई को कामकाज रखेंगे ठप

**फतेहाबाद।** शहरों में नगर पालिका कर्मचारियों की जारी हड़ताल के बीच अब ग्रामीण व्यवस्था भी चरमराने वाली है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आगामी 15 और 16 मई को दो दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल पर जाने का बड़ा ऐलान कर दिया है। यूनियन के फतेहाबाद जिला प्रधान सुनील और जिला सचिव हरपाल सिंह ने बताया कि यह निर्णय रोहतक स्थित कर्मचारी भवन में आयोजित यूनियन की राज्य स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में लिया गया। इस ऐलान के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के ठप होने की पूरी संभावना बन गई है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार लगातार उनकी आवाज को अनसुना कर रही है। कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट सत्र और मुख्यमंत्री के साथ हुई वार्ताओं में जो आश्वासन मिले थे, उन्हें आज तक धरातल पर लागू नहीं किया गया है। मुख्य मांगों में सेवा नियमों के तहत पॉलिसी बनाकर पक्का करना, 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेशों को लागू करना और 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की भर्ती करना शामिल है। इसके अलावा, कर्मचारी मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार और 27 हजार के वेतन को तुरंत लागू करने, एक्सग्रेसिया नीति बनाने तथा ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 50 लाख का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। हड़ताल के दौरान सफाई कर्मचारी न केवल काम बंद रखेंगे, बल्कि मंत्रियों और मुख्यमंत्री के आवासों का घेराव भी करेंगे।

---



सिरसा। कांग्रेस भवन में सांसद बृजेंद्र सिंह के जन्मदिवस पर केक काटते कार्यकर्ता।

## कांग्रेस भवन में मनाया पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- कांग्रेस नेता गजानंद सोनी ने कहा कि बृजेंद्र सिंह उच्च शिक्षित व बहुत ही सहनशील नेता हैं
- सद्भाव यात्रा के दौरान बृजेंद्र सिंह ने प्रदेशभर का भ्रमण कर हर समाज की दशा व दिशा को समझा
- सद्भाव यात्रा के समापन पर राहुल गांधी ने शिरकत कर पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश फूंका

कांग्रेस भवन में कांग्रेस नेता गजानंद सोनी के नेतृत्व में बुधवार को पूर्व लोकसभा सांसद बृजेंद्र सिंह का 54 वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर केक काटा व एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया गया। उपस्थितजन ने बृजेंद्र सिंह की दिर्घायु की कामना की।

इस मौके कांग्रेस नेता प्रेम शर्मा, रामकुमार खेरेकां, लीलाधर सोनी, सुरेंद गोदारा पूर्व सरपंच जोधपुरिया,मोहन पूनियां हंजीरा, राजेश भिवाल, कमल कांटीवाल, जीवन राम, विजय खेरेकां, कुलदीप सोनी,नत्थूराम गोदारा,कुलदीप कंबोज सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थितजन को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेता गजानंद सोनी ने कहा कि बृजेंद्र सिंह उच्च शिक्षित व बहुत ही सहनशील नेता हैं। उन्होंने कहा कि सद्भाव यात्रा के दौरान बृजेंद्र सिंह ने प्रदेशभर का भ्रमण कर हर समाज की दशा व दिशा को समझा। सद्भाव यात्रा के समापन पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिरकत कर पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश फूंका वहीं सदभाव यात्रा का मान बढ़ाया। बृजेंद्र सिंह ने यात्रा से हरियाणा में कांग्रेस पार्टी में दम भरने का काम किया है।

## हेरोइन तस्करी मामले में पटियाला का युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर टोहाना के अंतर्गत पुलिस चौकी चंडीगढ़ रोड की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हैफेड गोदाम के पास नाकाबंदी कर भारी मात्रा में हेरोइन सहित पंजाब के एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लक्की यादव पुत्र लाल चंद, निवासी मथुरा कॉलोनी, पटियाला के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान मनियाना रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि पटियाला निवासी एक युवक नशीले पदार्थों की तस्करी के इरादे से टोहाना के राज नगर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और हैफेड गोदामों के पास घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। नियमानुसार ली गई तलाशी के दौरान आरोपी के लोअर की जेब से एक पारदर्शी मोमी पाउच बरामद हुआ, जिसकी जांच करने पर उसमें 52.92 ग्राम हेरोइन पाई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और तस्करी के मुख्य स्रोतों का पता लगाया जा सके।



टोहाना। हेरोइन सहित गिरफ्तार युवक।

### शनिधाम में जयंती महोत्सव 16 को

**सिरसा।** प्राचीन श्री शनिधाम में आगामी 16 मई को शनि जयंती महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी चंद्र मोहन भृगुवंशी व ट्रस्ट पदाधिकारी आनंद भार्गव ने बताया कि शनि जयंती समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार शनिवार की अमावस्या होने के कारण इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि शनि जयंती को लेकर मंदिर में भव्य सजावट व तैयारियां शुरू की गई है। ट्रस्ट पदाधिकारी ने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या को कर्मफल दाता, न्यायकर्ता भगवान शनिदेव का जन्मदिन है। शनैश्चरी अमावस्या होने के कारण इसका महत्व और भी बढ़ गया है। नवग्रहों में श्रेष्ठ शनिदेव की कृपा प्राप्ति के लिए हवन यज्ञ में आहुति डालें। शनिदेव की भव्य प्रतिमा पर तेल स्नान अर्पित किया जाएगा तथा यह विहंगम दृश्य शनिदेव के शक्तिस्थल शनिश्चरा धाम व शनि शिंगनापुर को समर्पित होगा। उन्होंने बताया कि 16 मई को प्रात मंदिर में हवन होगा।

### मंडियों में 10 लाख 81 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की हुई खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। गत दिवस तक जिला के 1,29,616 किसानों की 10,81,076 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 82,901 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 7,99,434 मीट्रिक टन तथा एचएसडब्ल्यूसी 1,98,741 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि अबूबशहर मंडी में 24797 मीट्रिक टन, बड़ागुढा मंडी में 21666 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 54766 मीट्रिक टन, डिंग मंडी में 25579 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 61036 मीट्रिक टन, गंगा मंडी में 22390 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 33184 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 90126 मीट्रिक टन, नाथूसरी चोपटा मंडी में 32922 मीट्रिक टन, औढां मंडी में 27781 मीट्रिक टन, रानियां मंडी में 49455 मीट्रिक टन, सिरसा मंडी में 72905 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई।



सिरसा। युवा संसद प्रतियोगिता प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

## शिक्षकों के लिए हुई युवा संसद प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली और संसदीय परंपराओं से अवगत कराने के उद्देश्य से डिंग डाइट में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय युवा संसद प्रतियोगिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरपुर में हुआ। इस कार्यशाला में जिले के 35 विद्यालयों के लगभग 70 शिक्षकों ने भाग लिया।

मुख्य प्रशिक्षक प्रवक्ता हेमराज व प्रवक्ता सुरेश शर्मा ने शिक्षकों को बताया कि युवा संसद केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह छात्रों में नेतृत्व क्षमता, तर्कशक्ति और अभिव्यक्ति की कला विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से संसदीय शब्दावली, प्रश्नकाल, शून्यकाल और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव शपथ ग्रहण एवं अनुशासन सदन की मर्यादा और सांसदों के शपथ ग्रहण की मानक प्रक्रिया, किसी बिल को पेश करने से लेकर उस पर चर्चा और मतदान की पूरी प्रक्रिया के जीवंत चित्रण के बारे में अवगत करवाया गया।

### जागरूक बने छात्र

डिंग डाइट के डीआरयू विंग के प्रभारी प्रवक्ता डॉ. अनिल चावला व सदस्य प्रवक्ता अनिल बिश्नोई ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग लेते हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता बनती है, वहीं विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रणाली की जानकारी हासिल होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही वह कड़ी है, जो छात्रों को जागरूक नागरिक बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद अब विद्यालय स्तर पर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

---

### बाढ़ आपदा प्रबंधन पर होगी मॉक एक्सरसाइज, तैयारियां पूरी

# एनडीआरएफ, आर्मी व सभी विभागों के समन्वय से फ्लड मॉक ड्रिल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद में संभावित बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आज फ्लड मॉक ड्रिल की जाएगी। इसको लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता को परखना है। नोडल अधिकारी एडीसी अनुराग ढालिया ने बताया कि मॉक एक्सरसाइज के दौरान भारी बारिश के कारण लघु सचिवालय में बाढ़ का पानी घुसने तथा भवन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने का काल्पनिक दृश्य तैयार किया जाएगा। इस स्थिति में लोगों के मलबे में दबने और घायल होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए राहत एवं बचाव अभियान संचालित किया जाएगा। एडीसी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तुरंत इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया जाएगा तथा सभी विभागाध्यक्षों और संबंधित एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। इसके साथ ही स्थिति के अनुसार इंसिडेंट एक्शन प्लान लागू कर राहत कार्य शुरू किए जाएंगे। एडीसी ने बताया कि बाढ़ जैसी परिस्थितियों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाए रखने के लिए नागरिक अस्पताल में अतिरिक्त 50 बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा मेडिकल टीमों, एंबुलेंस सेवाओं तथा प्राथमिक उपचार केंद्रों को भी अलर्ट रखा गया है।

### प्रभावी संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित

एडीसी ने बताया कि आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं। सभी टीमों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की टीम के साथ जिला प्रशासन का पूर्ण तालमेल स्थापित किया गया है। सर्च एंड रेस्क्यू कार्यों के लिए एनडीआरएफ की विशेष टीम मौके पर तैनात रहेगी, जो फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने का कार्य करेगी। एडीसी ने बताया कि 33वीं आम्र्ड डिवीजन के अधिकारियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है तथा सेना की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल पी.के. सिंह को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। सेना एवं अन्य एजेंसियां प्रशासन के साथ मिलकर मॉक एक्सरसाइज को सफल बनाएंगी।

### विभागों को सौंपी जिम्मेदारियां

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 14 मई को जिले में दो जगह पर बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा तैयारियों का बेहतर ढंग से आंकलन करना है। मॉक एक्सरसाइज को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। एडीसी ने बताया कि मॉक एक्सरसाइज 14 मई को सुबह 9 बजे की जाएगी। मॉक एक्सरसाइज के तहत दो स्थानों को चिन्हित किया गया है। पहला स्थल गांव पनिहारी के निकट घग्गर के दाएं तटबंध के पास तथा दूसरा स्थल सिरसा-रानियां-डबवाली हाईवे पर मीरपुर के निकट रहेगा। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान भारी बारिश के बाद घग्घर नदी में जलस्तर बढने, तटबंध में कटाव आने तथा सडक क्षतिग्रस्त होने जैसी स्थिति मानकर राहत एवं बचाव कार्य किए जाएंगे। इसके तहत विभिन्न विभागों की ओर से राहत कार्य, यातायात नियंत्रण, बचाव दलों की आवाजाही, संचार व्यवस्था तथा राहत शिविरों की सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा। मॉक एक्सरसाइज के सफल संचालन के लिए पुलिस विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों तथा अन्य संबंधित विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियंत्रण तथा राहत शिविरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

### सायरन की आवाज से न घबराएं नागरिक

उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे घबराएं नहीं, यह केवल एक मॉक एक्सरसाइज है, वास्तविक आपदा नहीं, ताकि किसी प्रकार की अफवाह या घबराहट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और किसी को भी जोखिम में नहीं डाला जाएगा। यदि आपके आस पास 14 मई को आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही दिखे या सायरन की आवाज या कोई प्रशासनिक हलचल दिखे तो घबराए नहीं बल्कि यह मॉक एक्सरसाइज है और तैयारियों को जांचने का अभ्यास है।